# एथलेटिक्स एंड टेक्नो कल्चर फेस्ट के पहले दिन हुए रोचक मुकाबले

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के द्वितीय वार्षिक एथलेटिक्स एंड टेक्नो कल्चर फेस्टिवल कौथिग-2024 की रंगारंग शुरुआत हुई। विवि से संबद्ध कालेजों के खिलाड़ियों के मार्च पास्ट की विवि के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि सलामी ली। पहले दिन गोला फेंक स्पर्धा के छात्र वर्ग का खिताब श्री देवभूमि इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी देहरादून और छात्रा वर्ग का खिताब जीआरडी इंस्टीट्यूट ने जीता।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन मंगलवार को 100 मीटर, 400 मीटर, दौड़ में 17 टीमों ने प्रतिभाग किया। गोला फेंक स्पर्धा में छात्रों के वर्ग में दूसरे स्थान पर जेबीआइटी इंजीनियरिंग कालेज देहरादून व तीसरे स्थान पर गोविंद बल्लभ पंत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी घुड़दौड़ी रहा। छात्राओं के वर्ग में दूसरा स्थान महिला प्रौद्योगिकी संस्थान झाझरा ने जीता। टेक्निकल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पहला स्थान तुलाज इंस्टीट्यूट सेलाकुई, दूसरा स्थान श्रीदेवभूमि इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, तीसरा स्थान आइटी गोपेश्वर ने जीता। यूनिवर्सिटी वाल पेंटिंग प्रतियोगिता में पांच टीमों ने प्रतिभाग किया। जिनमें पहला स्थान गोविंद बल्लभ पंत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी घुड़दौड़ी, दूसरे स्थान पर आइआइटी रुड़की की टीम रही। दोपहर बाद हैकाथान में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। इसका परिणाम बुधवार को घोषित किया जाएगा।

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि के वार्षिक खेलकूद व टेक्नो फेस्ट के उद्घाटन पर गोला फेंक स्पर्धा में प्रतिभाग करते छात्र ● साभार विवि

## स्पर्धाओं में भाग लेकर लम्हें को बनाएं यादगार : कुलपति

यूटीयू के कुलपति प्रो .ओंकार सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में जब पूरी दुनिया डिजिटल मूवमेंट के दौर से गुजर रही है। ऐसे में आप सभी को इस प्रकार की खेल गतिविधियों में प्रतिभाग कर ऐसे क्षणों को अपने मोबाइल पर कैद करना चाहिए, ताकि यह भविष्य के लिए यादगार के तौर पर संरक्षित रहे। यूटीयू और संबद्ध संस्थानों का प्रयास रहता है कि छात्रों के भविष्य को संवारने के हर वह प्रयास किए जाएं जो जीवन में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में यादगार साबित हो सकें।

**सांस्कृतिक संध्या में पांडवास बैंड ने मचाया धमालः** दूसरे सत्र में शाम को सांस्कृतिक संख्या में पांडवास बैंड ने धमाल मचाया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी, पंजाबी, हरियाणी, राजस्थानी, कथक जैसे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।